सत्यमेव जयते

पंचदश

# बिहार विधान-सभा

## सप्तदश सत्र

## तारांकित प्रश्न

### वर्ग-4

बृहस्पतिवार, तिथि 15 श्रावण, 1937 (श०) / 6 अगस्त, 2015 (ई०)

प्रश्नों की कुल संख्या 57

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) नगर विकास एवं आवास विभाग | .. | .. | 26 |
| (2) राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग | .. | .. | 05 |
| (3) कृषि विभाग | .. | .. | 07 |
| (4) पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग | .. | .. | 01 |
| (5) खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग | .. | .. | 05 |
| (6) लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग | .. | .. | 11 |
| (7) सहकारिता विभाग | .. | .. | 02 |
| | | कुल योग--- | 57 |

### औचित्य बताना

*116. श्री मंजीत कुमार सिंह– क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि–

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार ने गोपालगंज जिले के किसानों को फसल क्षतिपूर्ति की राशि देने हेतु 23,86,63,100.00 रुपये अप्रील, 2015 में उपलब्ध कराये गये थे, जिसे एक सप्ताह में किसानों के खाते में स्थानान्तरित करने का आदेश राज्य सरकार द्वारा दी गयी थी;

(2) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिले में स्थित स्टेट बैंक, सेन्ट्रल बैंक एवं ग्रामीण बैंक द्वारा अबतक मात्र 13,86,96,523.00 रुपये ही किसानों के खाते में फसल क्षति की राशि स्थानान्तरित की गई है;

(3) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिले के 14 प्रखण्डों में 5 हजार किसानों कोअसर्वेक्षित भूमी का सर्वेक्षण नहीं की गई, जिससे फसल क्षति की राशि अबतक किसानों को नहीं दी गई है;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो अबतक किसानों के खाते में फसल क्षति की राशि स्थानान्तरित नहीं करने का औचित्य क्या है ?

---

### जल जमाव से मुक्ति

*117. श्री अवधेश सिंह–क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत हाजीपुर नगर परिषद् के राजपूत नगर, वीर कुँवर सिंह कॉलोनी, समता कॉलोनी, प्रोफेसर कॉलोनी, इन्द्रपुरी कॉलोनी सहित अन्य मुहल्लों में विगत 10 वर्षों से वर्षा ऋतु में जल-जमाव की स्थिति बनी हुई है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त मुहल्लों को कबतक जल-जमाव से मुक्ति कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

### जलापूर्ति योजना चालू कराना

*118. श्रीमती उषा सिन्हा–क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि–

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के हिलसा विधान-सभा क्षेत्र के हिलसा प्रखण्ड में अरपा ग्रामीण जलापूर्ति योजना यांत्रिक दोष के कारण तथा थरथरी प्रखण्ड में थरथरी ग्रामीण जलापूर्ति योजना सोलर मोटर में दोष के कारण विगत एक वर्ष से बन्द है;

(2) क्या यह बात सही है कि जलापूर्ति बाधित होने के कारण उक्त ग्रामीणों को पेयजल की समस्या से जुझना पड़ रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त ग्रामीण जलापूर्ति योजना को शीघ्र चालू करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

### योजना चालू कराना

*119. श्री (डॉ०) अच्युतानन्द–क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि–

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के महनार नगर स्थित लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के कार्यालय परिसर में स्थित जलापूर्ति योजना पिछले 10 वर्षों से ज्यादा समय से बंद है, जिससे क्षेत्र की जनता को शुद्ध जलापूर्ति का लाभ 10 वर्षों से नहीं मिल रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त योजना को चालू कराने हेतु विभागीय पदा० से प्रश्नकर्त्ता सदस्य द्वारा पत्राचार भी किया गया, लेकिन उसपर समुचित कार्रवाई नहीं को कार्रवाई नहीं की गयी है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपरोक्त जलापूर्ति योजना को पिछले 10 वर्षों में चालू नहीं कराने के लिये दोषियों पर कार्रवाई करते हुये जलापूर्ति योजना को चालू कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

भवन का निर्माण

*120. श्री प्रमोद कुमार--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला मुख्यालय, मोतिहारी में जर्जर नगर भवन की जगह नया नगर भवन का प्रस्ताव विभाग में वित्तीय वर्ष 2012-13 से लम्बित है, यदि हाँ,, तो सरकार कबतक नया नगर भवन बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पेयजल उपलब्ध कराना

*121. श्री संजय सिंह ''टाईगर''--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत संदेश प्रखण्ड मुख्यालय में अवस्थित जलमीनार से संदेश प्रखण्ड के त्रिकौल तथा अहपुरा ग्राम के ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की योजना थी;

(2) क्या यह बा० सही है कि पाइप लाइन नहीं बिछाने के कारण दोनों ग्रामों के लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध नहीं हो रहा है;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त दोनों ग्रामों के ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने हेतु कबतक पाइप लाईन बिछाना चाहती है ?

---------

नाला का निर्माण

*122. श्री जवाहर प्रसाद--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के मुख्यालय सासाराम में जल निकासी की व्यवस्था नहीं होने के कारण मामूली वर्षा होने पर पूरा शहर में जल-जमाव की समस्या उत्पन्न हो जाती है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार सासाराम में एस०पी०जैन० कॉलेज गेट से फजलगंज के नहर पुल के दक्षिणी हिस्सा होते हुये बेलाढ़ी साईफलन तक आउट-लेट नाला का निर्माण करना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

जीर्णोद्धार कराना

*123. श्री अवनीश कुमार राय--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला अन्तर्गत पटना सिटी में गाँधी सरोवर एकमात्र ऐसा सार्वजनिक स्थल है जहाँ आम जनता सुबह-शाम टहलने तथा व्यायाम के लिये पहुँचती है;

(2) क्या यह बात सही है कि तालाब के चारो ओर बने पी०सी०सी० सड़क तथा इसके गुरू गोविन्द सिंह पथ का एप्रोच रोड काफी जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है तथा इसपर जल-जमाव बना रहता है एवं वित्तीय वर्ष 2011-12 में किये गये सौंदर्यीकरण के कार्य भी ध्वस्त हो चुके हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार गाँधी सरोवर के पी०सी०सी० सड़क का जीर्णोद्धार तथा सौंदर्यीकरण का कार्य कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना

*124. श्री (डॉ०) दाउद अली--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बक्सर जिलान्तर्गत डुमराँव प्रखंड के नया भोजपुर पंचायत में आम नागरिक को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने हेतु 3 करोड़ 35 लाख रु० की लागत से जलमीनार का निर्माण कराया गया है, जिसे 2014 में चालू कराने की योजना थी;

(2) क्या यह बात सही है कि दि०-17 जुलाई, 2015 तक उक्त जलमीनार का 75 प्रतिशत निर्माण कार्य कराकर निर्माण कार्य बंद कर दिया गया है, जिसके कारण ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल नहीं मिल पा रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपरोक्त निर्माणाधीन जलमीनार का निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराकर शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-----------

जीर्णोद्धार कराना

*125. श्री अवधेश सिंह--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत हाजीपुर नगर परिषद् के सुभाष चौक के दक्षिण राजेन्द्र मोड़ तक सड़क विगत 10 वर्षों से जर्जर होने के कारण आम जनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क को कबतक जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

कार्यान्वित कराना

*126. श्री (डॉ०) अब्दुल गफूर--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा नगर परिषद् के वार्ड नं०-22 के अलीनगर मुहल्ला के कुल छः सड़क के निर्माण कराने का प्रस्ताव कार्यपालक अभियंता, नगर परिषद् सहरसा ने दिसम्बर, 14 में नगर विकास विभाग को भेजा जो अबतक लम्बित है;

(2) क्या यह बात सही है कि उपर्युक्त सड़कों पर पानी जमा रहता है, जिसके कारण जनसाधारण को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार सहरसा नगर परिषद् वार्ड नं०-22 के अलीनगर मुहल्ला के जर्जर सड़क निर्माण का जो मामला विभाग में लम्बित है उसे कबतक कार्यान्वित कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

कार्रवाई करना

*127. श्रीमती गुलजार देवी--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत प्रखंड फुलपरास के जगतपुर, प्रखंड घोघरडीहा के पैठ एवं करिहर प्रखंड-मधेपुर के खड़हरा गाँव में प्रश्नकर्ता सदस्य द्वारा 2012-13 में की गयी अनुशंसा पर सोलर ए०सी० टावर पम्प का निर्माण कराना था जो आजतक अधूरा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक तीनों प्रखंडों में उक्त सोलर ए०सी० टावर पम्प का निर्माण कराना चाहती है, एवं दोषी कार्यपालक अभियंता के विरुद्ध कौन-सी कार्रवाई करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

## जलमीनार का निर्माण

*128. श्री पवन कुमार जायसवाल--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य एवं अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत ढाका प्रखण्ड के पचपकड़ी बाजार पर ग्रामीण जलापूर्ति योजना के अन्तर्गत जलमीनार बनाने की घोषणा तत्कालीन मुख्य मंत्री द्वारा विगत एक वर्ष पूर्व किया गया है, जिसका प्राक्कलन लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग में लम्बित है, यदि हाँ, तो सरकार पचपकड़ी बाजार में ग्रामीण जलापूर्ति योजना अन्तर्गत जल मीनार निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

## कार्य प्रारम्भ नहीं कराने का औचित्य

*129. श्री दुर्गा प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के उजियारपुर प्रखण्ड में वर्ष- 2014 में सरकार द्वारा पशु चिकित्सक विश्वविद्यालय खोलने का निर्णय लिया गया था, किन्तु आज तक कॉलेज खोलने के संबंध में कोई कार्य प्रारंभ नहीं किया गया, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

----------

## मुआवजा देना

*130. श्रीमती मुन्नी देवी--दैनिक समाचार-पत्र में छपी खबर शीर्षक ''फसल क्षतिपूर्ति की राशि नहीं मिलने से किसानों में बढ़ी मायूसी'' के आलोक में क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के शाहपुर विधान-सभा में फसल क्षतिपूर्ति का मुआवजा सभी किसानों को नहीं मिल पाया है, यदि हाँ, तो सरकार शाहपुर विधान-सभा के किसानों को फसल की क्षति का पुनः मुल्यांकन कराकर मुआवजा दिलाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

## पानी टंकी का निर्माण

*131. श्रीमती रश्मि वर्मा--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य एवं अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिलान्तर्गत नरकटियागंज नगर परिषद् में वार्ड नं०-8 के पंडित नागेन्द्र चौक-स्थान पर पानी टंकी बनाने की स्वीकृति वर्ष 2010 में मिली थी एवं 2 कट्ठा भूमि उपलब्ध होने के बाद भी आजतक पानी टंकी का निर्माण नहीं किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पानी टंकी नहीं बनने के कारण उक्त स्थान के नगरवासियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध नहीं हो रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो उक्त पानी टंकी का निर्माण अभीतक नहीं होने का क्या औचित्य है ?

मुआवजे का भुगतान

*132. श्री राम प्रवेश राय—क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत बरौली प्रखण्ड के ग्राम रूपनछाप सेमरिया में एक नये बाँध का निर्माण कार्य वर्ष 2010-11 में किया गया, जिसमें दर्जनों किसानों की जमीन अधिग्रहित की गयी, किन्तु मुआवजा का भुगतान अभीतक नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त बाँध निर्माण में अधिग्रहित की गई जमीन के मुआवजे का भुगतान अविलम्ब करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

वाटर टावर बनाना

*133. श्री मंजीत कुमार सिंह—क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिले के बैकुंठपुर प्रखंड के खैरा आजम पसौनी, उसरी, चौसघाट मसुरियाँ, चमनपुरा, अजबीनगर, दिघवा उत्तर, कतालपुर, हमीदपुर, बाड़वा बंगरा, प्यारेपुर, बखरी, हकाम, सिधवलिया प्रखंड के डुमरिया, कर्जागिरहाटी, कुशहर, सुपौली, सोहिजरा, जलालपुर कला तथा बरौली प्रखंड के जगदार सलेमपुर, हसनपुर, सदौवा, रामपुर, खजुरिया पंचायतों में आर्सेनिक प्रभावित काला एवं पीला पानी निकलता है, जिससे पानी पीकर लोग कई रोगों से ग्रसित होते हैं, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सभी पंचायतों में शुद्ध पेयजल आपूर्ति हेतु पाइप वाटर सप्लाई स्कीम के तहत वाटर टावर बनाने का विचार रखती है ?

राशि का भुगतान

*134. श्री अरूण शंकर प्रसाद—स्थानीय दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 16 मई, 2015 को प्रकाशित शीर्षक ''राज्य खाद्य निगम पर 642 करोड़ बकाया'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2014-15 में राज्य के पैक्सों और व्यापार मंडलों द्वारा 19.78 लाख मीट्रिक टन धान खरीद की गयी थी, जिसमें से राज्य खाद्य निगम द्वारा 13.58 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद की गयी थी जिसका मूल्य 2332.20 करोड़ रुपये के विरुद्ध पैक्सों एवं व्यापार मंडलों को मात्र 1690.33 रुपये का भुगतान किया गया है, शेष 641.87 करोड़ बकाये का भुगतान निगम द्वारा नहीं किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि 6.20 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद राज्य खाद्य निगम द्वारा नहीं किये जाने से खुले आकाश के नीचे धान बर्बाद हो रहा है, जिससे पैक्सों एवं व्यापार मंडलों को भारी नुकसान हो रहा है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार धान की सुरक्षा एवं पैक्सों तथा व्यापार मंडलों के बकाये राशि के भुगतान करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

भुगतान करना

*135. श्री संजय सिंह टाईगर—क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत संदेश प्रखण्ड के जमुआँव, सिलहौरा, अहपुरा, खण्डौल, बागा, रामासाढ़, कोरी एवं डिहरी पंचायत के किसानों का धान पैक्सों के माध्यम से राज्य खाद्य निगम द्वारा दिसम्बर, 2014 में खरीदा गया, परन्तु किसानों का भुगतान नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पंचायतों के किसानों को कबतक भुगतान कराने का विचार रखती है ?

## जलमीनार का निर्माण

*136. श्री सुबोध राय--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत शाहकुंड बाजार प्रखंड मुख्यालय धार्मिक एवं व्यापारिक स्थल है और यहाँ प्रतिदिन 10-12 हजार लोगों का समागम रहता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्रखंड मुख्यालय में पुरानी सभी जलापूर्ति योजना ठप्प है, जिस कारण जलापूर्ति बाधित है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शाहकुंड बाजार मुख्यालय में पी०एच०ई०डी० का अत्यधिक क्षमता वाला जलमीनार का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

## राशि का भुगतान

*137. श्री सदानन्द सिंह--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के कहलगाँव, सन्हौला एवं गोराडीह प्रखण्डों में 31 मार्च, 2015 तक विभिन्न पैक्सों द्वारा खरीदे गये धान एवं जिन सभी पैक्सों द्वारा 31 मार्च, 2015 तक सहकारिता बैंक, भागलपुर को (इनभाइस) दिया गया था, उन सभी किसानों के खरीदे गये धान की राशि का भुगतान नहीं की गयी है, यदि हाँ, तो अधिप्राप्त धान की राशि का भुगतान किसानों को नहीं करने का क्या औचित्य है ?

---------

## सड़क का पक्कीकरण

*138. श्री (मो०) आफाक आलम--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णिया जिलान्तर्गत कसबा नगर पंचायत के वार्ड नं० 4 में चिन्तामनी के घर से यादव टोला होते हुये नहर तक सड़क कच्ची है, जो पक्कीकरण नहीं होने से आमजनता का आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त कच्ची सड़क को कबतक पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

## कार्रवाई करना

*139. श्री सदानन्द सिंह--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के कहलगाँव प्रखंडान्तर्गत एकचारी जलमीनार योजना सन्हौला प्रखंड के सन्हौला जलमीनार योजना एवं सन्हौला प्रखंड के दो मिनी जलापूर्ति योजना से पिछले 4 वर्षों से विभिन्न त्रुटियों के कारण जलापूर्ति बंद है, जिसकी शिकायत तत्कालीन लोक स्वा०अभि०, मंत्री को अपने पत्रांक 502, दिनांक 14 अक्टूबर, 2014 के द्वारा निराकरण हेतु लिखा था, यदि हाँ, तो सरकार उक्त वर्णित योजनाओंको चालू कराने हेतु कबतक कौन-सी कार्रवाई कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

नदी को साफ करवाना

*140. डॉ० (मो०) जावेद--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज शहर के बीचो-बीच रमजान नदी अतिक्रमण के कारण नाला में तब्दील हो गई है, यदि हाँ, तो क्या सरकार कबतक अतिक्रमण को हटवाकर नदी को साफ करवाने की मंशा रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

नियुक्ति करना

*141. श्रीमती (प्रो०) उषा सिन्हा--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा विभिन्न जिलों में रिक्त पड़े पी०डी०एस० डीलरों की नियुक्ति हेतु चार माह पूर्व जिलाधिकारियों को पत्र निर्गत किया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि चार माह बीत जाने के बाद अभीतक नालन्दा जिला में खाली पड़े पदों पर पी०डी०एस० डीलरों की नियुक्ति हेतु प्रक्रिया प्रारम्भ नहीं की गयी है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नालन्दा जिला में पी०डी०एस० डीलरों की नियुक्ति करना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्रवाई करना

*142. श्री अमन कुमार--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वित्तीय वर्ष 2014-15 में भागलपुर जिलान्तर्गत नगर परिषद् सुल्तानगंज के वार्ड नं० 07 (नया वार्ड संख्या 24) के खाता नं० 42 तथा खेसरा नं० 1858 पर 3.25 मीटर की चौड़ाई और 150 मीटर की लम्बाई में पी०सी०सी० सड़क का निर्माण कर दिया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार इस अवैध निर्माण के जिम्मेदार पदाधिकारियों के विरुद्ध कबतक कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

क्षेत्राधिकार में सौंपना

*143. श्रीमती गुलजार देवी--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत नगर पंचायत घोघरडीहा स्थित सरकारी तालाब एवं हाट को वर्ष 2013 में निर्गत सरकारी आदेश के बावजूद नगर पंचायत के क्षेत्राधिकार में नहीं सौंपा गया है । इसके कारण घोघरडीहा नगर पंचायत के आय में इजाफा नहीं हो रहा है;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक उक्त सरकारी तालाब एवं हाट को नगर पंचायत, घोघरडीहा के अधीन सौंपना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

सहायता देना

*144. श्री प्रदीप कुमार--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत नगर पंचायत वारिसलीगंज के साम्बे, विशनपुर, शेरपुर, बलवापर, सिमरी, सिमरी बिगहा, हिस्मा विगहा, मटिन बिगहा, मुडलाचक, माफी, हरिया बिगहा, कैलाशपति नगर इत्यादि ग्रामों के ग्रामीण कृषि कार्य पर निर्भर है, परन्तु वहाँ के कृषकों को प्रखंड कृषि कार्यालय से अनुमान्य सहायता नहीं मिल पाती है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार नगर पंचायत वारिसलीगंज के कृषकों को कृषि संबंधित सहायता देने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

जीर्णोद्धार करना

*145. श्रीमती सुनीता सिंह--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बेलसंड नगर पंचायत के हनुमाननगर से बेलसंड तक का सड़क जर्जर है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क का जीर्णोद्धार कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

नाला की सफाई

*146. श्री (डॉ०) दाउद अली--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत राजा बाजार स्थित शेरशाह कॉलोनी, इन्द्रापुरी कॉलनी, बैंक ऑफ इण्डिया कॉलोनी एवं आयकर विभाग कॉलोनी के चहारदीवारी के बीच में ए०जी० कॉलोनी आशियाना रोड को जोड़ने वाली सड़क एवं भूगर्भ नाला का निर्माण सरकारी खर्च पर कराया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क पाँच फीट ऊँचा खटाल के गोबर से भर गया है, जिससे आम नागरिकों को आना-जाना बंद हो गया है तथा जल-जमाव की स्थिति बन गयी है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपरोक्त सड़क से गोबर शीघ्र हटाते हुये भुगर्भ नाला की सफाई कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

ड्रैनेज का निर्माण

*147. श्री जवाहर प्रसाद--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सासाराम नगर परिषद क्षेत्र में सीवरेज व ड्रैनेज नहीं रहने के कारण गंदगी एवं डिस्चार्ज वाटर का बहाव नहीं होता है, जिसके कारण प्रतिकूल प्रभाव शहर में निवास करने वाले लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार नगर परिषद् में इस वित्तीय वर्ष के अन्तर्गत सीवरेज एवं ड्रैनेज का निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

उपलब्ध करना

*148. <u>श्री गोपालजी ठाकुर</u>--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बेनीपुर प्रखण्ड के सहित जिला में किसानों को अनुदानित दर पर बोरिंग का पाइप उपलब्ध नहीं रहता है, यदि हाँ, तो सरकार किसान मेला में किसानों को अनुदानित दर पर बोरिंग पाइप उपलब्ध कराने का विचार रखती है ?

---

पाइप लाइन का विस्तारीकरण

*149. <u>श्री कन्हैया कुमार</u>--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत मुहल्ला-न्यु यारपुर गर्दनीबाग रोड नं0 1 के 30 आवासीय नागरिकों ने हस्ताक्षरयुक्त आवेदन कार्यपालक पदाधिकारी, पटना जल पर्षद, पटना के नाम मिसिंग पाइप लाइन के विस्तारीकरण हेतु आवेदन दिनांक 16 मई, 2013 को दिया है;

(2) क्या यह बात सही है कि मिसिंग पाइप लाइन का पटना जल पर्षद द्वारा 2.50 लाख रुपये का प्राक्कलन तैयार कर दिनांक 19 मई, 2015 को नगर विकास आयुक्त, पटना को भेजा गया है, प्राक्कलन की स्वीकृति भी प्राप्त हो गई है परन्तु अबतक राशि नहीं मिलने के कारण कार्य प्रारम्भ नहीं हो पाया है, जिसके कारण नागरिकों को पेयजल का काफी संकट हो रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नागरिकों के पेयजल की कठिनाई को देखते हुये राशि मुहैया कराकर शीघ्र मिसिंग पाइप लाइन का विस्तारीकरण करने का विचार रखती है ?

---

नहर की उड़ाही

*150. <u>श्री अरूण कुमार सिन्हा</u>--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना के सैदपुर नहर पर स्थित शनिचरा पुल पिछले नौ माह के धंस जाने के कारण एवं नहर की उड़ाही समुचित रूप से नहीं होने के फलस्वरूप पानी की निकासी क्षमता के अनुरूप नहीं हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार शनिचरा पुल को तोड़कर कबतक सैदपुर नहर की उड़ाही समुचित ढंग से कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का पक्कीकरण

*151. <u>श्री (मो0) आफाक आलम</u>--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत कसबा नगर पंचायत के वार्ड नं0-17 के पक्कीकरण से इलियासउद्दीन के घर तक सड़क कच्ची है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का कबतक पक्कीकरण कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

भूमि का अधिग्रहण

*152. श्रीमती मुन्नी देवी- क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग के विभागीय पत्रांक 2288, दिनांक 27 सितम्बर, 2012 द्वारा औद्योगिक विकास प्राधिकरण की 5.5 एकड़ भूमि के अधिग्रहण हेतु 40,82,261/- रु0 जिलाधिकारी, भोजपुर को उपलब्ध कराने के बावजूद आजतक भूमि अधिग्रहण का अधिग्रहण नहीं किया गया है जिसके चलते बिहीयां, भोजपुर में पोलिटेकनिक कॉलेज की स्थापना नहीं हो सका;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार राशि उपलब्ध होने के बावजूद भूमि अधिग्रहण नहीं करने करने वाले पदाधिकारी पर कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

जमीन उपलब्ध कराना

*153. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के कल्याणपुर प्रखण्ड में स्व0 ईशुराम अहिमन, छपरा निवासी के परिवार सहित कई महादलित परिवार भूमि विहीन हैं, जिससे उनको आवास बनाने में कठिनाई हो रही है;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकार ने 2010 में ऐसे भूमिविहीन परिवारों के लिये भूमि उपलब्ध कराने का निर्णय लिया था;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कल्याणपुर प्रखण्ड अन्तर्गत चिन्हित भूमिविहिन परिवारों को कबतक जमीन उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सूची में नाम अंकित कराना

*154. श्रीमती भागीरथी देवी--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प0 चम्पारण जिला के रामनगर एवं गौनाहा प्रखण्डों में गरीबी रेखा के लिये निर्धारित मानदंडों के आधार पर वर्ष 2012 में ए0पी0एल0/बी0पी0एल0 की प्रकाशित सूची में वास्तविक लाभुक वर्ष 2012 से ही खाद्य सामाग्रियों से वंचित हो रहे हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता मा0 सदस्य द्वारा अप्रील, 2013, नवम्बर, 2013 एवं जून, 2014 में विभागीय सचिव से पुनः सर्वेक्षण कराकर वंचित लाभुकों की सूची में नाम जोड़ने का अनुरोध किये जाने के बावजूद अबतक कोई कार्रवाई नहीं की गई है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रखण्डों के लिये सर्वेक्षण कराकर वंचितों को सूची में नाम अंकित कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पेयजल उपलब्ध कराना

*155. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिले के नबीनगर विधान-सभा के ग्राम तोल, धोबडीहा, बैरिया, चन्द्रगढ़, मैगरा, बेलासपुर, महुआरी, मझियावाँ, सुड़ार, गम्हरिया, सलया, दरूआ आदि गाँवों में पेयजल का संकट है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सभी गाँवों में कबतक सौर्य ऊर्जा चालित मीनी वाटर सप्लाई योजना से पेयजल उपलब्ध कराने का विचार रखती है ?

जाँच कराना

*156. श्री जितेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला में राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2014-15 में तेरह लाख पचास हजार तथा दो लाख रुपये का आई०पी०एम० कीट का बिना टेंडर प्रक्रिया अपनाये डी०एच०ओ० के द्वारा कार्य आवंटित कर राशि का बंदरबाँट किया गया जबकि उक्त योजना के तहत अनुदान राशि सीधे कृषकों को भुगतान करना था;

(2) क्या यह बात सही है कि डी०एच०ओ० द्वारा की गयी अनियमितता का प्रश्नकर्ता सदस्य द्वारा दिसम्बर, 14 एवं मार्च, 2015 में स्थानीय पदाधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराया था;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार डी०एच०ओ० के द्वारा गड़बड़ी किये गये अनियमितता की जाँच कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*157. श्री अरुण कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना नगर निगम के कंकड़बाग अंचल कार्यालय के पूरब खाली पड़ी जमीन में पिछले दो वर्षों से कूड़ा डम्प किये जाने के कारण आस पास के लोगों का दुर्गंध से जीना मुहाल हो गया है, यदि हाँ, तो सरकार वहाँ से कूड़ा निस्तारण के लिये कोई कार्रवाई करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*158. श्री पवन कुमार जायसवाल--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत नगर पंचायत, ढाका में लगभग एक करोड़ रुपये की राशि से सड़क एवं नाला निर्माण की स्वीकृति नगर विकास विभाग द्वारा लगभग आठ माह पूर्व देते हुये नगर पंचायत, ढाका को निविदा प्रक्रिया पूर्ण कर क्रियान्वयन सुनिश्चित कराने का निदेश दिया था, यदि हाँ, तो सरकार निविदा को पूर्ण कराकर कार्यारम्भ तथा विलम्ब के लिये दोषी पदाधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*159. श्री अरुण शंकर प्रसाद--स्थानीय दैनिक समाचार पत्र में दिनांक 12 जून, 2015 को प्रकाशित शीर्षक ''शौचालय निर्माण की राशि भुगतान नहीं होने से आक्रोश'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत जयनगर प्रखण्ड में शौचालय निर्माण के बावजूद सभी पन्द्रह पंचायत में लाभार्थियों को छः माह से अधिक बीत जाने के बाद भी राशि का भुगतान नहीं किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि विभागीय पदाधिकारी एवं समन्वयक की लापरवाही से लाभुकों के खाते में राशि नहीं जा रही है, जिसके कारण जनहित में अत्यंत महत्वपूर्ण योजना खुले में शौच जाने की कुप्रथा को समाप्त करने पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार लापरवाह विभागीय अधिकारी एवं समन्वयक् पर कौन सी कार्रवाई करना चाहती है ?

---

नाला का निर्माण

*160. श्री गोपाल जी ठाकुर– क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बेनीपुर नगर परिषद् क्षेत्र के अधीन बेनीपुर श्मशान से करहरी होते हुये बलहा रेलवे स्टेशन तक, धरौड़ा चौक से धोबिया पी०डब्लू०डी० सड़क तक, धरौड़ा मुख्य सड़क पी०डब्लू०डी० से रामाश्रय राय घर होते हुये बहेड़ा-बहेड़ी पी०डब्लू०डी० सड़क, पी०डब्लू०डी० सड़क, धोबियाही पुल से चौधरी पोखर, महादलित टोला, अनुसूचित जाति टोल होते हुये बहेड़ा पानी टंकी तक एवं आशापुर धरौड़ा सड़क से मझौड़ा महाराजाधिकार मंदिर तक जानेवाली छः सड़कों का डी०पी०आर० कार्यपालक अभियंता, दरभंगा के पत्रांक 319, दिनांक 17 दिसम्बर, 2014 के द्वारा राज्य मुख्यालय को भेजा गया, जिसपर अभीतक कोई कार्रवाई नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़कों एवं नाला का निर्माण कबतक प्रारम्भ कराने का विचार रखती है ?

---

गोदाम का निर्माण

*161. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह– क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि–

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिले में नबीनगर प्रखण्ड के पैक्स मुख्यालय टोला में पैक्स गोदाम बनाने की स्वीकृति दो वर्ष पूर्व में दी गयी है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पैक्स गोदाम का निर्माण पैक्स अध्यक्ष द्वारा नहीं किया जा रहा है जिससे गोदाम के अभाव में पैक्स सदस्यों को काफी कठिनाई हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त स्वीकृत पैक्स गोदाम का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पैक्स का चुनाव नहीं कराने का औचित्य

*162. श्री अनिल सिंह– क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत अकबरपुर प्रखण्ड के कुलना पैक्स का चुनाव अभीतक नहीं कराया गया है, यदि हाँ, तो पैक्स का चुनाव नहीं कराने का औचित्य क्या है ?

---

औचित्य बताना

*163. श्री दुर्गा प्रसाद सिंह– क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला स्थित पूसा कृषि विश्वविद्यालय में वर्ष 2012 से बिना सीनेट की बैठक आयोजित किये वित्तीय नियोजन, नियुक्ति सहित कई कार्य किये जा रहे जो नियमानुकूल नहीं है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

लाभ देना

*164. श्रीमती गुड्डी देवी--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत रून्नीसैदपुर प्रखण्ड के फरवरी, 2015 में आयी ओला वृष्टि से खेतों में लगी फसल बर्बाद हो गई है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त फसल क्षति हेतु 5,800 आवेदन में मात्र 3,200 आवेदक किसान को ही फसल क्षति का लाभ मिला है, शेष किसानों को अभीतक लाभ नहीं दिया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त शेष आवेदकों को फसल क्षति का लाभ देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-----------

अतिक्रमण से मुक्ति

*165. डॉ0 इजहार अहमद--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बाघ मोड़ के समीप तथा कटहलबाड़ी आर0ओ0बी0 के नीचे गाड़ीवाले, दुकानदारों तथा टेम्पू चालकों ने सड़क का अतिक्रमण कर रखा है, जिससे वहाँ आम यात्रियों को बाघा मोड़ से फोर लेन आना-जाना मुश्किल हो गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थलों को अतिक्रमण मुक्त कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

अतिक्रमण से मुक्ति

*166. श्रीमती भागीरथी देवी--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प0 चम्पारण जिला के रामनगर प्रखण्डान्तर्गत ग्राम-तौलाहा में सरकारी मालिक गैर-मजरूआ जमीन खाता नं0 117, खेसरा नं0 985 का रकबा 9.1/2 एकड़ एवं 987 का 3.1/2 एकड़ कुल रकबा 13 एकड़ है, को ग्रामीणों द्वारा अतिक्रमण किये जाने के कारण ग्रामीण खेल-कूद, सामाजिक तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित नहीं हो पाता है तथा इस संबंध में प्रश्नकर्ता सदस्य द्वारा जिलाधिकारी, पश्चिमी चम्पारण तथा अंचलाधिकारी, रामनगर को क्रमशः माह मई, 2013 एवं सितम्बर, 2014 में लिखित रूप से शिकायत किया गया किन्तु अबतक कोई कार्रवाई नहीं की गई है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

मुहैया कराना

*167. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण के केसरिया नगर पंचायत में महादलित/दलित तथा अतिपिछड़े गरीब लोगों को सरकारी आवास की सुविधा नहीं मिलने से कई परिवार आवासविहीन हैं;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार केसरिया नगर पंचायत क्षेत्र के आवासविहीन परिवार को आवास मुहैया कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कब्जा नहीं दिलाने का औचित्य

*168. श्री (डॉ0) अच्युतानन्द--दैनिक समाचार-पत्र के दिनांक 4 जुलाई, 2015 के अंक में छपी खबर शीर्षक ''बेदखल 21 प्रतिशत पर्चाधारियों को ही मिला जमीन पर कब्जा'' के आलोक में क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में 23 लाख 76 हजार 714 पर्चाधारी हैं, जिनमें से 1 लाख 41 हजार 437 पर्चाधारी बेदखल हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि बेदखल पर्चाधारियों को भूमि पर दखल दिलाने के लिये सितम्बर, 2014 में राज्य में ऑपरेशन भूमि दखल-देहानी शुरू की गयी थी;

(3) क्या यह बात सही है कि जून, 2015 तक मात्र 30 हजार 337 पर्चाधारी ही भूमि पर कब्जा प्राप्त कर सके हैं;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सभी बेदखल पर्चाधारियों को कब्जा नहीं दिलाने का क्या औचित्य है ?

-----------

जीर्णोद्धार कराना

*169. श्रीमती सुनीता सिंह--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बेलसंड नगर पंचायत के डुमरिया घाट से सरैया गाँव तक सड़क 10 वर्षों से जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का जीर्णोद्धार कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

पानी टंकी स्थापित करना

*170. श्री प्रदीप कुमार--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत नगर पंचायत-वारिसलीगंज में पेय जलापूर्ति हेतु पानी टंकी नहीं है, जिससे वहाँ के आम नागरिकों को काफी परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार नगर पंचायत, वारिसलीगंज में कबतक पेय जलापूर्ति हेतु पानी टंकी स्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

जलापूर्ति नहीं करने का औचित्य

*171. श्री अब्दुलबारी सिद्दिकी--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना शहर के राजाबाजार स्थित समनपुरा मुहल्ला का पूर्व से स्थापित बोरिंग के बदले पारस हॉस्पीटल से सटे पश्चिम में माप-तौल कार्यालय के परिसर में वर्ष 2013 में उच्च क्षमता का एक नया बोरिंग स्थापित किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त बोरिंग से जलापूर्ति हेतु पाइप लाइन का विस्तार समनपुरा के इन्दिरापुरी कॉलनी के रोड नं0 2 से 3 तक न करके सर सैयद चौक तक ही किया गया है जिसके कारण जल के उच्च दबाव के फलस्वरूप पाइप लाइन फट जाता है और हजारों क्यूसेक पानी बहता रहता है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सर सैयद चौक से आगे इन्दिरापुरी कॉलोनी तक पाइप लाइन का विस्तार कर जलापूर्ति नहीं करने का क्या औचित्य है तथा सरकार कबतक उसे पाइप लाइन से आच्छादित करने का विचार रखती है ?

-----------

अतिक्रमण से मुक्ति

*172. डॉ0 इजहार अहमद--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत लहेरियासराय स्थित गुदरी बाजार के नालों को स्थानीय लोगों ने तीन वर्ष पूर्व अतिक्रमण कर घर बना लिया है तथा फुटपाथ पर दुकानदारों ने कब्जा जमा रखा है, जिससे वहाँ आम नागरिकों को कठिनाइयाँ हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थल को अतिक्रमण से मुक्त कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

पटना :
दिनांक 6 अगस्त, 2015 (ई0) ।

हरेराम मुखिया,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान-सभा ।

बि0स0मु0 (एल0ए0), 84--डी0टी0पी0--450